श्री शंभूनाथ यादव, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- 18/2/1232 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवदेन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला की सेमरी प्रखंड पंचायत किशोपुर के ग्राम किशोपुर में गंगा का कटाव बांध से 100 से 125 मीटर की दूरी पर है, तथा ब्रहम्पुर प्रखंड के पंचायत उत्तरी नैनीजोर की प्रबांधपुर डेरा से बिहार घाट होते हुये ग्राम ढाबी तक गंगा का कटाव अंतिम छोर तक पहुच गया है, जिससे आमलोगों को परेशानी हो रही है, यदि हॉ सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर कबतक गंगा कटाव से रोकथाम करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड के केशोपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम केशोपुर और ब्रहम्पुर प्रखंड के उत्तरी नैनीजोर पंचायत अन्तर्गत ग्राम प्रबोधपुर का डेरा बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध के दाये तट पर कंट्री भाग में अवस्थित है एवं उत्तरी नैनीजोर पंचायत अन्तर्गत ग्राम ढाबी बक्सर कोईलवर तटबंध के नदी भाग में तटबंध से लगभग 2.0 कि0मी0 एवं गंगा नदी के तट से लगभग 200 मी0 की दूरी पर अवस्थित है । ग्राम केशोपुर को सुरक्षित रखने हेतु बाढ़ 2025 पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराया गया है। गंगा नदी में अधिक जलश्राव के कारण कार्य आंशिक क्षतिग्रस्त हुआ है । जिसे बाढ़ 2026 पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराकर सुरक्षित किया जा रहा है। कराये गये कार्य के अपस्ट्रीम में बाढ़ 2025 के दौरान आंशिक क्षरण हुआ है। जिसे सुरक्षित रखने हेतु योजना तैयार की गयी है। वर्तमान में प्रबोधपुर के डेरा के समीप गंगा नदी की तटबंध से दूरी लगभग 125 मी0 है। बाढ़ 2025 के दौरान नदी तट का आंशिक क्षरण हुआ है, जिसे बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर सुरक्षित किया गया है । नदी तट के हुए क्षरण को सुरक्षित रखने हेतु योजना तैयार की गयी है। ग्राम ढाबी मे बाढ़ वर्ष 2020 पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित किया गया है। कराये गये कार्य के डाउनस्ट्रीम में बाढ़ 2025 के दौरान आंशिक क्षरण हुआ है जिसे सुरक्षित रखने हेतु योजना तैयार की गयी है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–11/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1232 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–11/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–11/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, बाढ़ (मो0), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–11/2026 955 पटना/दिनांक :.....16/2/26.....................

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/2/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव